# मानसून की दस्तक के बाद खाद-बीज को लेकर किसान परेशान

## समितियों में खाद का टोटा, बाजार में परोसा जा रहा अमानक बीज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, झमाझम बारिश के साथ जिले में मानसून दस्तक दे चुका है. पहली बारिश में जहा शहर की सड़के उफान पर आ गयीं, वही खेतो में भी पानी भर गया. बारिश के इंतजार में बैठा किसान बोनी की तैयारी में जुट गया है लेकिन खाद-बीज का टोटा है. सहकारी समितियों में न तो खाद है और न ही बीज, जिले में अब तक 42.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है.**



सबसे ज्यादा वर्षा गुढ़ में 85 मिली मीटर हुई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि में 141. मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिली मीटर है. गौरतलब है कि मानसून बारिश के बाद किसानों खरीफ की बोनी शुरू कर दी है. आषाढ़ में बोनी के लिये कम समय मिलता है. लगातार बारिश के चलते समय पर बोनी नही हुई तो समय निकल जाता है.

इस समय किसान खाद और बीज की व्यवस्था में जूझ रहे है. समितियों में धान, उड़द, मूंग, सोयाबीन का बीज नही है और कई समितियों में खाद तो है लेकिन अन्य समितियों में खाद का टोटा बना हुआ है. लिहाजा डबल लाक में खाद के लिये किसानों को लम्बी कतार लगानी पड़ रही है. बड़े किसानो ने पहले ही खाद रख ली थी लेकिन जो छोटे किसान है उन्हे खाद और बीज के लिये जूझना पड़ रहा है. व्यापारियों के यहा मंहगे दाम पर खाद और बीज लेने को किसान विवश है.

अमानक स्तर के बीज परोसे जा रहे है, कृषि विभाग अभी तक अमानक बीज को लेकर कार्यवाही शुरू नही की है और न ही प्रशासन ने टीम गठित की है.

**खाद के लिये पहले बुक करें स्लाट** -किसानों को खाद समितियों में आसानी से नही मिल रही है. स्लाट बुक कराने के बाद ही किसानो को समितियों से खाद उपलब्ध होती है. स्लाट बुक करने के पहले समिति का सदस्य होना जरूरी है. जब किसान समिति का सदस्य बनता है उसके बाद ही वह खाद के लिये स्लाट बुक कर सकता है. डबल लाक केन्द्र में खाद के लिये लम्बी कतार लग रही है.

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से देश को आजादी मिली : राजेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन के सम्मेलन का शुभारंभ किया. कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से देश को आजादी मिली है.**



लाखों देशभक्तों ने भारत माता को परतंत्रता की बेड़ी से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है. तुर्क, मुगल, डच, पुर्तगाली और अंग्रेज भारत की समृद्धि और संपदा को लूटने तथा राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से गुलाम बनाने के लिए आए थे. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनगिनत यातनाएं सहकर हमें गुलामी से मुक्त कराया. उनके परिवारजनों को सम्मानित करके हम सबको गौरव का अनुभव हो रहा है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2047 तक देश को विश्वगुरू बनाने का संकल्प लिया है. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश को स्वतंत्र कराने के बाद जिस चहुंमुखी प्रगति का सपना देख रहे थे उसे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है. भारत तेजी से प्रगति करता हुआ ग्यारहवें स्थान से विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. यह 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. जल जीवन मिशन से हर गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है. गौपालन और प्राकृतिक खेती को अपनाकर हम आमजनों को विषमुक्त अनाज देने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यों को नगरों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा जिससे नई पीढ़ी उनके त्याग और बलिदान से परिचित हो सके.

सम्मेलन मंथ उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भैया बहादुर सिंह को स्मृति चिन्ह और शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया. उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्यों को भी सम्मानित किया. सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक चन्द्रसूर्या, संगठन सचिव कपूर सिंह मौजूद रहे.

### संगठन के लिये भवन निर्माण की मांग

सम्मेलन में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया. उनके परिवारजनों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है. नई पीढ़ी को आजादी की लड़ाई के इन वीरों की गाथा से परिचित कराने का प्रयास होना चाहिए. उन्होने सभी जिला मुख्यालयों में संगठन के लिए भवन निर्माण, परिवारजनों को सम्मानिधि का लाभ तथा संसद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से दो सदस्यों के नामांकन की मांग रखी.

## वन अधिकार समिति की बैठक आज

रीवा, 5 जुलाई, जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 6 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी करेंगे. यह बैठक साप्ताहिक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी. जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है.

# उप मुख्यमंत्री ने संस्कृत विश्वविद्यालय भवन निर्माण का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में निर्माणाधीन महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के परिसर भवन के निर्माण का जायजा लिया.**



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र परंपरागत रूप से संस्कृत विद्या का केन्द्र रहा है. यहाँ कई गांवों में संस्कृत विद्यालय अभी भी संचालित हो रहे हैं. संस्कृत देवभाषा होने के साथ-साथ प्राचीन ज्ञान, विज्ञान और सनातन की भाषा है. विश्वविद्यालय परिसर का निर्माण होने से रीवा संस्कृत भाषा के केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा. उप मुख्यमंत्री ने इंजीनियरों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देश दिए. निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### राजकुमारी पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि



**रीवा.** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा की सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी) डॉ. लता द्विवेदी के कुशल निर्देशन में शोधार्थी राजकुमारी पाण्डेय ने अपना शोध कार्य 'धूमिल की कविता में लोक जीवन और आत्म संघर्ष' विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण कर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है. डॉ. राजकुमारी पाण्डेय ने ठाकुर रणमत सिंह कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सफर मैडम के सतत सहयोग, अमूल्य मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था. डॉ राजकुमारी पाण्डेय ने अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुशवाहा जी एवम् परीक्षक डॉ दीनानाथ प्रोफेसर हिन्दी सी एस पी डिग्री कॉलेज प्रयागराज उत्तरप्रदेश का विशेष आभार व्यक्त किया है. उपाधि मिलना माता स्व. श्रीमती रामकली मिश्रा, पिता स्व. हीरालाल मिश्रा के विशेष आशीर्वाद का प्रतिफल है. सास श्रीमती सावित्री पाण्डेय, ससुर कमलेश प्रसाद पाण्डेय, पति पुष्पेन्द्र पाण्डेय, भाई उमेश द्विवेदी, बी डी मिश्रा, एवम् भाभी प्रतिमा मिश्रा के साथ साथ सभी परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. वहीं उनकी बेटी प्रज्ञा पांडेय और बेटा शौर्य पांडेय ने भी अपनी माँ की इस सफलता पर खुशी जाहिर की है.

### विचार गोष्ठी आज

**रीवा.** भारत के महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में 6 जुलाई सोमवार को शाम 3 बजे विचार गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता करेंगे. इस अवसर पर रीवा लोकसभा सांसद जनार्दन मिश्रा, प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह एवं विधायकगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.



### कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति : सिद्धार्थ

**रीवा.** भारतीय जनता पार्टी के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटरा, गढ़ी एवं त्योंथर मंडलों की मासिक कामकाजी बैठकें संपन्न हुई. बैठकों में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने सहभागिता कर मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई बैठकों को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक संगठन आधारित पार्टी है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं. मासिक कामकाजी बैठकें संगठन को निरंतर सक्रिय, अनुशासित एवं सशक्त बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं. इन बैठकों के माध्यम से पूर्ण हो चुकी संगठनात्मक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाती है. बैठकों में कटरा मंडल अध्यक्ष सावेंद्र शर्मा, गढ़ी मंडल अध्यक्ष समीर सिंह एवं त्योंथर मंडल अध्यक्ष घनश्याम यादव उपस्थित रहे.

### निर्माण कार्यों की समीक्षा आज

**रीवा.** ग्राम पंचायतों द्वारा बनाए जा रहे आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों, आंगनवाड़ी भवनों में शौचालय तथा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की समीक्षा 6 जुलाई को की जाएगी. समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभागार में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर करेंगे.



# पिकनिक मनाने गए किशोर की डूबने से मौत

नवभारत न्यूज


**रीवा, 5 जुलाई, हनुमना के मिसिरपुरा स्थित केदारनाथ खाई में एक 16 वर्षीय किशोर के डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई. पांच घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला.**

जानकारी के मुताबिक सुबह 10:00 नगर परिषद हनुमना वार्ड क्रमांक 13 के ग्राम भाटी निवासी आदर्श द्विवेदी पिता एड. ज्ञानेंद्र द्विवेदी सहित चार युवक पिकनिक मनाने केदारनाथ की खाई में गए थे और स्नान करते वक्त 16 वर्षीय किशोर आदर्श द्विवेदी का पैर फिसलने से उसकी जल समाधि हो गई. उसके साथ के तीनों किशारों के होश उड़ गए जब वह पानी से कुछ देर इंतजार करने के बाद भी नहीं वापस आया. अशोक कुमार द्विवेदी बताते हैं कि सुबह उनका बच्चा तथा आदर्श एवं दो अन्य मोहल्ले के ही बच्चे पिकनिक मनाने के लिए घर से निकले थे. उनके बच्चे ने तकरीबन 10:00 बजे फोन कर बताया कि पापा आदर्श केदारनाथ की खाई में पानी में डूब गया है नहीं मिल रहा है. पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम पहुंची और 5 घंटे मसक्कत के बाद शव को बाहर निकाला. काफी समय लगने पर एनडीईआरएफ की टीम से भी सम्पर्क किया गया. लेकिन उसके पहले ही शव मिल गया. इस हादसे के बाद परिजनों का बुरा हाल है.

# आयुर्वेद कर्मचारी संगठन ने आयुष मंत्री को दिया मांग पत्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार को शासकीय आयुर्वेद कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष दुबे द्वारा कर्मचारियों की नीतिगत समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सोपा गया.**



जिसमें श्री दुबे ने लंबे समय से समस्याओं से जूझ रहे कर्मचारियों की परेशानी को लेकर आयुष मंत्री श्री परमार से संवाद भी किया. उन्होंने आयुष मंत्री को बताया कि महाविद्यालय प्रांगण में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु भवन का निर्माण कराया जा सकता है. इसके अलावा कंपाउंडरों का पदनाम परिवर्तित करते हुए उन्हें पदोन्नति दिए जाने, महिला स्वास्थ्य कार्य कर्ताओं को तृतीय श्रेणी का दर्जा देने तथा आयुर्वेद महाविद्यालय में लंबे समय से अपनी सेवा दे रहे संविदा कर्मचारियों को नियमित करने शहीद कई अन्य मांग व मुद्दे भी शामिल थे. इस दौरान पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष दुबे के अलावा आशीष गुप्ता रामायण चौरसिया, कृष्णनिधि शुक्ला, शिवेक्ष चतुर्वेदी, अजय द्विवेदी, उमा हरि शंकर ठाकुर, लवकेश बैग, विवेक अहिरवार, रेवा शंकर बांके, रोशनी श्रीवास्तव, रिंकु शाह, पूजा पटेल, विजय शंकर तिवारी, अखिलेश पटेल, अनुसूया कॉल, पवन साकेत, रजनीश रजक, संजय साकेत आदि मौजूद थे.

## विशेष सम्मिलन 7 को

रीवा, 5 जुलाई, नगर पालिक निगम, रीवा की 20वीं विशेष सम्मिलन 07 जुलाई को समय दोपहर 12:00 बजे नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम रीवा स्थित परिषद सभाकक्ष में आयोजित की गई है. पार्षदों की मॉग पर विशेष सम्मिलन 07 जुलाई 2026 में रीवा नगर की सफाई व्यवस्था पर चर्चा, नगर निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों पर चर्चा, केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी.

# भू-अर्जन विसंगति को लेकर डिप्टी सीएम से मिले किसान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी मार्ग के चौड़ीकरण परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन और मुआवजे की विसंगतियों को लेकर पीड़ित किसान डिप्टी सीएम से मिलकर समस्या बताई.**

गुढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम महसांव, रीठी, खाम्हा, खड्डा और उमरी के प्रभावित भू-स्वामी व किसान आज प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निवास स्थान पर पहुंचे. किसानों ने डिप्टी सीएम को अवगत कराया कि रीवा जिले की हुजूर तहसील के अंतर्गत आने वाले लोही गांव में जो इसी रीवा-सीधी मार्ग पर स्थित है भू-अर्जन का मुआवजा नियमों के तहत पूरी तरह से सही और संतोषजनक ढंग से बनाया गया है.

इसके विपरीत गुढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में अधिग्रहित की गई जमीनों का मुआवजा सही तरीके से नहीं आंका गया है. मूल्यांकन में की गई इस बड़ी लापरवाही और विसंगति के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जिससे प्रभावित किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है. किसानों का कहना है कि वे अपनी जायज मांगों को लेकर पूर्व में जिला कलेक्टर स्थानीय विधायक और क्षेत्र के सांसद से भी मुलाकात कर गुहार लगा चुके हैं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है. डिप्टी सीएम ने निष्पक्ष जांच कर आश्वासन दिया है.

# लाखों का भुगतान फिर भी सड़क पर पड़ा रहता है कचरा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, नगर निगम लाखों रूपया सड़क से कचरा उठाने का भुगतान रैमकी कम्पनी को करता है.**



बावजूद इसके बरसात में कचरा सड़क पर पड़ा रहता है जहा आवारा जानवर कचरे को खुर्द-बुर्द करते रहते है. न तो सफाई दरोगा को यह कचरा दिखाई देता और न ही लाखों रूपये का भुगतान प्राप्त करने वाली कम्पनी के अधिकारियों को. गौरतलब है कि सड़क से कचरा उठा कर कचरा संग्रहण केन्द्र तक ले जाने का काम रैमकी कम्पनी का है. जिसे बकायदे लाखों रूपये का भुगतान नगर निगम करता है. लेकिन कम्पनी द्वारा कचरा उठाने में घोर लापरवाही बरती जाती है. सुबह कचरा सड़को में पड़ा रहता है जिसे नही उठाया जाता. लिहाजा आवारा जानवर कचरे को पूरे सड़क पर बिखेर देते है. बड़ी पुल से व्यंकट रोड़ आने वाले मार्ग में कचरे का ढ़ेर लगा हुआ था जहा प्रतिदिन कचरा एकत्र होता है. जिसे उठाने का कोई समय निर्धारित नही है, कई दिन तक कचरा न उठाए जाने के कारण बरसात में कचरा बुरी तरह से सड़ जाता है जिसकी दुर्गंध से मोहल्ले के लोग परेशान रहते है. इसी तरह अन्य मोहल्लो में सड़को पर कचरा पड़ा रहता है.

# विवाहिता की संदिग्ध मौत पर निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 5 जुलाई, गुढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी के फंदे में झूलता शव मिला. मृतका के भाई ने सवाल खड़ा करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है.**

गुढ़ थाना क्षेत्र में एक विवाहित महिला विद्याबाई कोल पति राजेश कोल उम्र 33 वर्ष निवासी दुआरी पटपर थाना गुढ़ की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी में झूलती हुई घर में मिली लाश के मामले में मृतका के भाई गोविंन्द प्रसाद कोल निवासी गुढ़ ने जांच प्रक्रिया पर कई गंभीर सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. आवेदक के अनुसार उनकी बहन की शादी ग्राम दुआरी में हुई थी. 16 जून 2026 को बहन की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर परिजन ससुराल पहुंचे, जहाँ विद्या फांसी में झूलती पायी गई और उसकी मौत हो गई. परिजनों का आरोप है कि घटनाक्रम को लेकर उन्हें कई बातों पर संदेह है. पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच करेगी तो सब सामने आ जाएगा.

# दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, सिरमौर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया.**

पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया जाकर जेल भेजा गया है. 04 जुलाई को फरियादिया द्वारा थाना सिरमौर में शादी का झांसा देकर गलत काम करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. जिस पर थाना सिरमौर में अपराध दर्ज कर आरोपी अनीस कोल उर्फ डॉक्टर पिता अच्छेलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जुड़मानिया थाना लौर जिला मऊगंज की पता तलाश की जा रही थी. मामले के आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया जाकर पूछताछ की गई. जिसे न्यायालय पेश किया गया.

# मनगवां क्षेत्र के कई गांवों में 12 घंटे से ब्लैकआउट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 जुलाई, बरसात शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली का रोना शुरू हो गया है. मनगवां तहसील अन्तर्गत दर्जन भर से अधिक गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से ब्लैक आउट है.**

एक ओर जहा पानी के लिये लोग परेशान है वही उमस भरी गर्मी से हाल बेहाल है. मनगवां तहसील अंतर्गत गंगेव, पूर्वा सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले करीब 12 घंटे से लगातार ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है. बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है. भीषण गर्मी के बीच हल्की बारिश के बाद बढ़ी उमस ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है. बिजली नहीं होने से घरों में पेयजल, पंखे और अन्य जरूरी सुविधाएं ठप हैं. सबसे गंभीर स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बताई जा रही है. गंगेव अस्पताल एवं मनगवां क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार की वैक्सीन को कोल्ड चेन में सुरक्षित रखा गया है. लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से इन वैक्सीन के खराब होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ गई है. हल्की सी बारिश होने पर विद्युत सप्लाई बंद हो जाती है. न आंधी आई न तूफान उसके बाद भी 12 घंटे बाद विद्युत सप्लाई बहाल नही हुई. प्रभावित गांवों के लोगो ने चेतावनी दी है कि अगर विद्युत आपूर्ति जल्द बहान नही की गई तो मनगवां हाइवे पर चकाजाम किया जायेगा, जिसकी जवाबदारी विभाग की होगी.